Rapid Fire करेंट अफेयर्स (18 March)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-march-18

- गोवा के मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर का 63 वर्ष की आयु में निधन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली NDA सरकार में रक्षा मंत्री रहे (2014 से 2017 तक) मनोहर पर्रिकर करीब एक साल से कैंसर से जूझ रहे थे। मनोहर पर्रिकर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे से मेटालर्जिकल इंजीनियरिंग में स्नातक थे।
- विदेश मंत्री सुषमा स्वराज मालदीव की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। मालदीव में इब्राहिम मोहम्मद सोलिह के सत्ता में आने के बाद विदेश मंत्री की यह पहली यात्रा है। विदेश मंत्री के इस दौरे का उद्देश्य दोनों देशों के बीच घनिष्ठता तथा मैत्रीपूर्ण संबंधों को मज़बूत करना है।
- हाल ही में ऑस्कर अवॉर्ड विनर ए.आर. रहमान (KM Music Conservatory) के शिष्य पियानोवादक लिडियन नादस्वरम ने अमेरिकी रियलिटी शो 'द वल्ड्र्स बेस्ट' का खिताब जीता है। लिडियन ने दक्षिण कोरिया के कुक्कीवोन उर्फ द फ्लाइंग ताइक्वांडो मास्टर्स को हराकर यह प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया है। इसके तहत लिडियन ने 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर का नकद पुरस्कार जीता है।
- अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल महासंघ (फीफा) ने इस बार अंडर-17 महिला विश्व कप 2020 की मेज़बानी करने का मौका भारत को दिया है। अमेरिका के मियामी में फीफा परिषद की बैठक के बाद यह फैसला लिया गया है। इससे पहले भारत ने अंडर-17 पुरुष विश्व कप 2017 की मेज़बानी की थी।
- ब्रिटेन सरकार ने ब्रेक्जिट के बाद लागू की जाने वाली नीतियों को तैयार करते हुए एक नई 'अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा रणनीति' की घोषणा की है। इस रणनीति के तहत शिक्षा उपरांत दिये जाने वाले वीज़ा व्यवस्था में सुधार होगा जिससे भारतीय छात्रों को लाभ प्राप्त होने की उम्मीद है। इस नई रणनीति के तहत स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्रों को पढ़ाई पूरी करने के पश्चात् ब्रिटेन में काम की तलाश हेतु छह माह तक रहने का मौका दिया जाएगा। यह रणनीति आगामी सत्रों से प्रभावी होगी।
- भारत का पहला रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (REIT) अब निवेश के लिये उपलब्ध है। एम्बेसी ऑफिस पार्क, बंगलूरु के एक रियल एस्टेट डेवलपर ने रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (REIT) हेतु इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (IPO) लॉन्च किया है। एम्बेसी ऑफिस पार्क ने इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग के माध्यम से 4,570 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बनाई है।